# झूमती-गाती रंग बरसाती होली आयी रे

होली आयी रे, आयी रे, होली आयी रे...झूमती गाती रंग बरसाती, होली आई रे..., होली खेलन आयो श्याम..., होली आई रे कन्हाई, ब्रज के रसिया, होली आई रे... बाट तके सब सखा तुम्हारे, बाहर आओ मोहन प्यारे... इस तरह के मनमोहक गीत के साथ होली के अनेक फिल्मों गीत पर महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने खूब मस्ती की. मौका था नवसृजन व सर्वांगीण विकास संस्थान लोहानीपुर द्वारा बुधवार को होली महोत्सव के आयोजन का. इस दौरान महिलाएं होली खेलने में सबसे आगे रही. विभिन्न गीतों पर महिलाओं ने खूब डांस किया. इस पूरे कार्यक्रम के दौरान खूब गुलाल उड़े. बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया. था. बच्चे गेम में खूब मस्ती किये. इस दौरान विभिन्न गेम में विजेता को पुरस्कृत भी किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत बिहार के फगुआ गीत से हुई थी.

1 मार्च 2018 प्रभात खबर में प्रकाशित नवसृजन एवं सर्वांगीण विकास संस्थान कदमकुआं पूर्वी लोहानीपुर  पटना के द्वारा होली मिलन समारोह का न्यूज़